# मिशन शिक्षण संवाद



## बच्चों द्वारा सृजित कविताएँ..

### माह जनवरी 2022..

मासिक संकलन

# बाल सृजन संसार

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान..

मानवता का कल्याण..


शिक्षक का सम्मान..

संकलन...

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

मिशन शिक्षण संवाद

बाल सृजन संसार



दिनाँक- 01-01-2022 | 01 | दिन- शनिवार

# हम सबकी शान है भारत...

**तर्ज़- यह बन्धन तो प्यार का बन्धन है...**



हम सबकी शान है भारत,
पूरे विश्व में ऊँची इमारत।
भारत की शान तिरंगा,
भारत में प्रसिद्ध गंगा।।
यह भारत देश वतन ये हमारा है,
वीरों से चमका सितारा है।

मेहनत किसान है करते,
गोली जवान हैं खाते।
कड़ी धूप से लड़ता किसान,
बॉर्डर पर खड़ा है जवान।।
यह भारत देश वतन ये हमारा है,
वीरों से चमका सितारा है।


हिन्दू-मुस्लिम यहाँ सारे,
कहते हैं वीर हमारे।
बच्चे यहाँ पर लिखकर के,
भारत का नाम है करते।।
यह भारत देश वतन यह हमारा है,
वीरों से चमका सितारा है।।

रचना-
रोली शर्मा (पूर्व छात्रा)
प्रा0 वि0 डेरवाँखुर्द
चहनियाँ, जनपद- चन्दौली

काव्यांजलि मिशन शिक्षण संवाद



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 03.01.2022 **02** दिन- सोमवार

## मैं भी पढ़ने जाऊँगा




अम्मा मुझको ले दो बस्ता,
मैं भी पढ़ने जाऊँगा।
दीदी-भैया के संग जाकर,
स्कूल में नाम लिखाऊँगा।।

ए बी सी डी याद हुई है,
गिनती पढ़ना बाकी है।
जोड़, घटाना, गुणा और भाग,
बहुत सीखना बाकी है।।



क से कबूतर याद हुआ है,
वर्णमाला सीखना बाकी है।
बोलूँ मैं गिट-पिट अंग्रेजी में
अंग्रेजी सीखना बाकी है।।


पढ़-लिखकर मैं बनूँगा साहब,
सब पर हुक्म चलाऊँगा।
माँ-बाबा का नाम हो रोशन,
ऐसा काम कर दिखलाऊँगा।।

रचना -
आर्यन प्रजापति, कक्षा 5
मॉडल प्राइमरी स्कूल बेथर 1
सिकंदरपुर कर्ण, उन्नाव

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 04/01/2022

**03**

दिन- मंगलवार

## हैप्पी न्यू ईयर

नया साल अब आया है,
ढेरों खुशियाँ लाया है।
उमंगों का अनमोल उपहार,
अपने संग ले आया है।।




नये साल में हम सब को,
एक नया इतिहास बनाना है।
सुनहरे सपनों की झंकार,
जीवन खुशहाल बनाना है।।



हर मन में उल्लास भरा हो,
हर मन में बस हास भरा हो।
प्यारे दोस्तों, तुम हो डियर,
सबको हम बोलेगें हैप्पी न्यू ईयर।।


रचना

नेहा यादव (कक्षा-8)
उ० प्रा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 05/01/2022

04

दिन- बुधवार

## उम्मीद का साल

आ रहा है नया साल,
लाएगा खुशियों की बरसात।
मिठाईयों की खुशबू आयी,
दोस्तों की विश के साथ।।

आ रहा है नया साल,
कुछ नयी चीजों के साथ।
कुछ नया करना है हमको,
चाहे जैसे हों हालात।।


नये-नये से पेड़ लगे,
नया-नया सा मौसम है।
नयी किरण है आ गयी,
हमको ना कोई गम है।।






रचना-
सत्यम (कक्षा 6)
उ० प्रा० वि० जारी भाग- 1
बड़ोखर खुर्द, बाँदा

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 06-01-2022

**05**

दिन- गुरूवार

## हमारा देश भारत...



*भारत देश हमारा, प्यारा,*
*धरती पर है एक सितारा।*

*गायी जाती घर-घर में,*
*राम-कृष्ण की बानी।*
*शिवा, प्रताप, भरत की,*
*बालक सुनते यहाँ कहानी।।*

*बहती सदा प्रेम की धारा,*
*भारत देश हमारा, प्यारा।*

*मेहनत के पानी से इसकी,*
*मिट्टी को सींचेंगे।*
*नयी उमर के, नयी फसल के,*
*बीज नए बोयेंगे।।*

*हरा-भरा हो उपवन सारा,*
*भारत देश हमारा, प्यारा।*


*कश्मीर से कन्याकुमारी तक,*
*एक इसे मानेगें।*
*भाषा, जाति, रंग के कारण,*
*भेदभाव नहीं डालेंगे।।*

*होगा कभी नहीं बँटवारा,*
*गूँजे विश्व शान्ति का नारा।*


रचना-
संजना मिश्रा (पूर्व छात्रा)
उ० प्रा० वि० चित्रवार
मऊ, जनपद- चित्रकूट


काव्यांजलि मिशन शिक्षण संवाद







# बाल सृजन संसार

दिनाँक-07-01-2022 | 06 | दिन- शुक्रवार

## लोकगीत ( ब्रजभाषा )

## आओ! जी आओ अलाव तापें



आओ! जी आओ अलाव तापें,
अलाव तापें ओ अलाव तापें।


बड़ी जोर की पड़ रयी सरदी,
कपैं पापाजी की भी वरदी।
ये छोड़े न काऊजी,
अलाव तापें ओ अलाव तापें।।

घर के चूल्हे सूने-सूने,
शकरकन्द और आलू भूनें।
आओ! जी दाऊजी अलाव तापें,
अलाव तापें जी अलाव तापें।।

आओ बिदिंया! आओ भोरा,
मूँगफली के भूनें होरा।
चाचूजी आओ अलाव तापें,
अलाव तापें ओ अलाव तापें।।


पीली-पीली उठतीं लपटें,
क्या चमकीली उठती लपटें।
मामूजी आओ अलाव तापें,
अलाव तापें ओ अलाव तापें।।

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।




रचना- कु. काजल
KGBV
नगर क्षेत्र कासगंज

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 08/01/2022

07

दिन- शनिवार

## भारत देश हमारा

भारत प्यारा देश हमारा,
देश हमारा सबसे न्यारा।
इसके हम रखवाले हैं,
कभी न हिम्मत हारे हैं।।




भारत की कभी शान न जाए,
चाहे प्राण क्यों ना जाएँ।
देश के लिए हुए बलिदान,
लाखों वीरों ने दी है जान।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचना- राजेश (कक्षा 6)
उ० प्रा० वि० जारी भाग- 1
बड़ोखर खुर्द, बाँदा

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



मिशन शिक्षण संवाद

बाल सृजन संसार

दिनाँक- 10.01.2022

08

दिन- सोमवार

# जल..

जल जीवन का है आधार,
इसके बिन सब काम बेकार।
शरीर में है जिन तत्वों का सम्बल,
उसका सत्तर प्रतिशत है जल।।




भौतिक और रासायनिक तत्व,
करते जल दूषित यह सत्य।
दूषित जल हमें करे बीमार,
हैजा, पीलिया, अतिसार, बुखार।।

जल से ही हमारे प्राण,
इसे बचाना हमारा काम।
बिन पानी न जी पाएंगे,
प्राण पखेरू उड़ जाएंगे।।

रचना-
स्वाती केसरवानी (पूर्व छात्रा)
उ0 प्रा0 वि0 चित्रवार
मऊ, जनपद- चित्रकूट





शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 11.01.2022

09

दिन- मंगलवार

## मेरी माँ

जग में सबसे प्यारी है,
जग में सबसे न्यारी है।
मेरी और तुम्हारी माँ,
सबसे न्यारी और प्यारी है।।



चलना हमें सिखाती है,
पढ़ना हमें सिखाती है।
सबसे पहली शिक्षिका,
हमारी माँ कहलाती है।।

बोलना हमें सिखाती है,
मेरी और तुम्हारी माँ।
खाना हमें खिलाती है,
उसके बाद सुलाती है।।


जग में सबसे ऊंची है,
मेरी और तुम्हारी माँ।
बेटी को जन्म देती है,
पाल-पोस कर बड़ा कर देती है।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचना
कु० अवंशिका सिंह (पूर्व छात्रा)
प्रा० वि० डेरवाँखुर्द
चहनियाँ, चन्दौली

आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं। 9458278429





# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 12.01.2022 **10** दिन-बुधवार

## मेरा भारत



मन करता है मातृभूमि की सेवा में न्योछावर हो जायें,
काश! मेरी जिंदगी में, सरहद की कोई शाम आए।
ना खौफ रहे मौत का, हम देश के काम आएँ,
काश मेरी जिंदगी में सरहद की कोई शाम आए।।




शहीदों की कुर्बानी बदनाम ना होने देंगे,
गर शरीर हो बूढ़ा पर मन में जवानी छाए।
बची हो जब तक एक भी बूँद लहू की रगों में,
तब तक भारत माँ का आँचल नीलाम ना होने देंगे।।

वंदे मातरम् का गाना जुबाँ पर रहेगा,
वंदे मातरम की शान धूमिल ना होने देंगे।
न आरजू है जन्नत की, चाहे जान चली जाए,
लेकिन आजादी की कभी शाम ना होने देंगे।।

रचना-
कु० आयशा (कक्षा-8)
रा० आ० उ० प्रा० वि० गौचर
चमोली, उत्तराखण्ड



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

## बाल सृजन संसार

दिनाँक-13.01.2022 | **11** | दिन- गुरुवार

### मेरा प्यारा देश



मेरा देश प्यारा देश,
सब देशों से न्यारा देश।
सोने की चिड़िया कहलाता,
ऐसा प्यारा-प्यारा देश।।




इसकी आन, इसका मान,
सदा बढ़ाना इसकी शान।
सदा चलना तुम सच्ची राह,
जिससे बढ़े देश की शान।।

रचना-
नेहा
कक्षा-7
उ० प्रा० वि० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, जनपद- मेरठ



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण
मिशन शिक्षण संवाद



# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 14.01.2022 | 12 | दिन- शुक्रवार

## नया साल

नया साल आया है,
नयी खुशियाँ लाया है।
बुरी बातों को छोड़ दो ये,
हमें अच्छा बनाने आया है।।

आओ हम सब मिलकर,
ये प्रतिज्ञा करके सोचें।
कहीं गन्दा न करें अब हम,
पर्यावरण को स्वच्छ बना लें।।

नयी सोच, नयी उमंग भर,
नया सब कार्य कर देंगे।
अपने छोटे-छोटे कार्यों  से,
दुनिया में अचरज कर देंगे।।





रचना-
कु० खुशी (कक्षा- 5)
रा० प्रा० वि० मैखण्डी मल्ली
वि० ख०- कीर्ति नगर
जनपद- टिहरी गढ़वाल

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

## बाल सृजन संसार

दिनाँक- 15-01-2022 | **13** | दिन- शनिवार

# मेरी मैडम

उंगली पकड़ के तुमने,
जो लिखना सिखाया मैडम।
उन शब्दों को गूँथ करके,
कविता लिखी है मैडम।।


जिन क्यारियों में प्रेम से,
फूल तुमने लगाए मैडम।
उन फूलों के बीच के मैडम,
फूल हम भी हैं मैडम।।



नयी जगह जा करके मैडम,
हमें भूल न जाना मैडम।
याद बहुत आपकी मैडम,
आयेगी हमको प्यारी मैडम।।


*रचना*
हिमानी ममगाईं (कक्षा - 2)
राजकीय प्राथमिक विद्यालय वीड
चम्बा, टिहरी गढ़वाल



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 17/01 /2022

**14**

दिन-सोमवार

आज है तीन जनवरी,
आज का दिन है बड़ा महान।
आज के दिन एक फूल खिला था,
नाम सावित्रीबाई फुले था।।

सन् 1831 में जन्म लिया था,
भारत की वह प्रथम शिक्षिका थी।
महाराष्ट्र के नायगाँव में जन्मी,
खण्डोजी राव नेवशे की बेटी थी।।

बाल विवाह कर दिया पिता ने,
फिर भी हिम्मत न हारी थी।
जाति-भेद को दूर भगाया,
बालिका शिक्षा को बढ़ाया।।

परोपकार वह करती थी,
परहित जीती-मरती थी।
शिक्षा की नव अलख जगायी,
घर-घर में उजियारी छायी।।



रचना

खुशी (छात्रा)
कक्षा - 6
उ० प्रा० वि० अमौली (1-8)
अमौली, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।





# बाल सृजन संसार

दिनाँक-18/01/2022

15

दिन-मंगलवार

## हमारा देश

ये भारत देश,
कितना प्यारा है।
सब देशों से ये प्यारा है,
हर मुश्किल आसान बनाकर देश।।

आगे ही बढ़ता है,
ये तिरंगा हमारा है।
ये कितना प्यारा है,
हर चट्टानों से ऊपर हैं।।

तिरंगा हमारा है,
भारत का तिरंगा शान है।
भारत का तिरंगा मान है,
तीन रंगों का तिरंगा हमारा है।।


ये कितना प्यारा है,
ये झण्डा हमारा है।
देश प्यारा है,
तिरंगा हमारा है।।



रचना

नाम- कु०दिव्या (छात्रा)
कक्षा- 5
प्रा० वि० डेरवाँखुर्द
चहनियाँ, चन्दौली





# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 19-01-2022

**16**

दिन- बुधवार

## विश्व हिन्दी दिवस

हिन्दुस्तान की पहचान है हिन्दी,
भारत माँ की शान है हिन्दी।
एकता की परम्परा है हिन्दी,
हर दिल का अरमान है हिन्दी।।

यह जन-जन की है दुलारी,
क्योंकि हिन्दी है पहचान हमारी।
संस्कृत की लाडली बेटी है हिन्दी,
सबको साथ लेकर चलती है हिन्दी।।

तन में हमारे हिन्दी राज करे,
मन में हिन्दी हमारे राज करे।
हिन्दी हमारी राष्ट्र भाषा,
भारत माँ की है आशा।।


10 जनवरी को हिन्दी दिवस मनाओ,
हिन्दी का परचम पूरे विश्व में फैलाओ।
आओ हम सब हिन्दी को अपनाएँ,
विश्व में अपनी भाषा का मान बढ़ाएँ।।




अभिजीत कंडवाल (कक्षा -7)
रा० उ० प्रा० वि० पिपोला
वि०ख० - जाखणीधार, टिहरी गढ़वाल

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।





# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 20-01-2022 | 17 | दिन- गुरुवार

## बेटी

बेटी है एक खरा सोना,
इसे आप कभी मत खोना।
खो दोगे तो पछताओगे,
बाद में फिर मत रोना।।

बेटी होगी हर एक घर में,
महकेगा जग का हर कोना।
फूल खिलेंगे सब महकेंगे
ऐसी खुशियाँ तुम भी सँजोना।।




बेटी है खुशियों का खजाना,
इसको हमेशा सँवार कर रखना।
उसके हर सपने को पूरा करना,
यह हो जीवन का सपना।।

रचना:
भूमिका (कक्षा-8)
उ० प्रा० वि० सिसाना
बागपत, बागपत

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।





दिनाँक- 21/01/2022 **18** दिन- शुक्रवार

# सर्दी है आयी




*सर्दी का मौसम जब आये,*
*सर्द हवाएँ संग ये लाये।*
*दिन लगा अब जल्दी जाने,*
*रात लगी अब पैर फैलाने।।*


*धूप सेंकते, आग तापते,*
*फिर भी रोज ठिठुरते हैं।*
*हाथ-पैर सब ठण्डे-ठण्डे,*
*मुँह से भाप उगलते हैं।।*

*साँसें लगी हैं धुआँ उड़ाने,*
*धूप लगी अब सबको भाने।*
*तन पर बोझ बढ़ा कपड़ों का,*
*कैसी आफत आयी न जाने!*

रचना
नेहा यादव (कक्षा-8)
उ० प्रा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 22-01-2022

**19**

दिन- शनिवार

## हम बनेंगे...

पन्ना धाय जैसे स्वामिभक्ति बनें,
कर्ण के जैसे दानी।
एकलव्य जैसे योद्धा बनें,
राम के जैसे स्वाभिमानी।।



वीराँगना लक्ष्मीबाई,
वीर सुभाष, आजाद बनेंगे।
माँ भारती के रक्षक बन,
नया इतिहास रचेंगे।।

राजगुरु, सुखदेव, भगतसिंह की,
शौर्य की गाथा गायेंगे।
लाल, बाल, पाल बनकर,
तिरंगे को लहरायेंगे।।

माँ भारती की सेवा में,
सारा समय लगाएँगे।
देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए,
आगे कदम बढाएँगे।।


रचना-
सुहानी गौतम (पूर्व छात्रा)
उ० प्रा० वि० चित्रवार
मऊ, जनपद- चित्रकूट




शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार

दिनाँक- सोमवार | 20 | दिन- 24/01/2022

## ओ मेरे देशभक्तों

ओ मेरे देशभक्तों,
चलो झंडे को लहराएँ।




आओ कदम बढ़ाएँ,
दुश्मन को मार गिराएँ।
आगे झंडे को लहराएँ,
अपने देश का मान बढ़ाएँ।

नहीं रुकें हम एक साथ मिल,
आगे बढ़ते जाएँ।
अपना भारत हमको प्यारा,
इसका यश हम गाएँ।


*रचना*
दिव्यांशु सिंह (कक्षा-4)
जे० एस० पब्लिक स्कूल
साधोगंज, खरावन, वाराणसी




शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 25/01/2022 | 21 | दिन- मंगलवार

## 26 जनवरी

**26 जनवरी को हम,**
**मिलकर झण्डा लहराते हैं।**
**निकालते हैं रैली सुन्दर,**
**राष्ट्रगान हम गाते हैं।।**




**शहीदों की वेशभूषा में,**
**हम विद्यालय जाते हैं।**
**फूल चढ़ाकर शहीदों पर,**
**देशभक्ति गीत गाते हैं।।**



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचना- राजेश (कक्षा 6)
उ० प्रा० वि० जारी भाग- 1
बड़ोखर खुर्द, बाँदा

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार

दिनाँक-26-01-2022 | 22 | दिन- बुधवार

## गणतन्त्र दिवस आया




गणतन्त्र दिवस आया,
भारत का तिरंगा लहराया।
अंग्रेजों ने किया था हमें बर्बाद,
तब वीरों ने भारत को किया आजाद।।

26 जनवरी 1950 को,
डॉ0 भीमराव ने संविधान बनाया।
संविधान हुआ लागू,
तब जाकर भारत गणतन्त्र कहलाया।।

हम सब गणतन्त्र दिवस मनाते हैं,
और वीरों की गाथा गाते हैं।
देशभक्तों ने जो दिया बलिदान,
उसका हम करते हैं सम्मान।।


तीन रंग का तिरंगा हमारा,
वीरों ने इसे ऊँचा लहराया।
हम सबकी आँखों का तारा,
हम सबको भारत जान से प्यारा।।

रचना-
रोली शर्मा (पूर्व छात्रा)
प्रा0 वि0 डेरवाँखुर्द
चहनियाँ, जनपद- चन्दौली

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

## बाल सृजन संसार

दिनाँक- 27-01-2022

23

दिन- गुरूवार

## अब विज्ञान नहीं है बौना...



किया स्वप्न साकार सलोना,
अब विज्ञान नहीं है बौना।
हर कारण का भेद बताए,
देखे, परखे फिर समझाए।।



है जिसको भय-संशय का भूत,
विज्ञान उसे करता है दूर।
सत्य रूप विज्ञान दिखाए,
कभी नहीं यह झूठ बताए।।


रचना-
स्वाती केसरवानी (छात्रा)
उ0 मा0 वि0 चित्रवार
क्षेत्र- मऊ, जिला- चित्रकूट




शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

## बाल सृजन संसार

दिनाँक- 28-01-2022

24

दिन- शुक्रवार

# रजाई...

ठण्डी में यह काम आती,
सर्दी को यह दूर भगाती।
होती बड़ी सुन्दर और नरम,
इसके अन्दर छुप जाते हम।।




बहुत सारे रंगों में मिलती,
टैडी फूल पत्ती से खिलती।
जब जब ठण्ड सताए,
सब इसमें छिप जाएँ।।

कहते इसे रजाई,
सर्दी में सुखदायी।
बच्चों बूढ़ों को भाती,
जाड़े से हमें बचाती।।

रचना-
नव्या अग्रवाल, कक्षा- 3
कं० क० पू० मा० वि० महोबकंठ
क्षेत्र-पनवाड़ी, जिला- महोबा



आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं। 9458278429



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 29-01-2022

**25**

दिन- शनिवार

# छब्बीस जनवरी

छब्बीस जनवरी देखो आयी,
हम सब ने मिलकर मनायी।
चारों और खुशियाँ हैं छायी,
गणतन्त्र का त्यौहार है भाई।।

छब्बीस जनवरी, 1950 को,
संविधान हमारा लागू हुआ था।
इस दिन भारत को दुनिया में,
गणतन्त्र का दर्जा प्राप्त हुआ था।।

सबसे प्यारा, देश हमारा,
यह हमको जान से प्यारा।
दुनिया में है सबसे न्यारा,
हम सबकी आँखों का तारा।।


झण्डा हमारा तीन रंगों का,
बीच में इसके चक्र सजा।
केसरिया, सफेद, हरे रंग का,
कहलाता है यह तिरंगा।।




रचना
सिया मेहरा (कक्षा-5)
रा० प्रा० वि० परमा
वि०ख०- हल्द्वानी, नैनीताल

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।





शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार

दिनाँक-31-1-2022 **26** दिन- सोमवार

## मीना

मीना मेरी प्यारी मीना,
सबको शिक्षा देती मीना।
सबकी रक्षा करती मीना,
सबको सबक देती है मीना।।
मीना मेरी प्यारी मीना..

गाँव को स्वच्छ बनाती मीना,
स्कूल सुन्दर-करती मीना।
पक्षियों को आजाद करती है मीना,
मीना मेरी प्यारी मीना।।




सबको सही राह दिखाती मीना,
सबकी सम्पत्ति बचाती मीना।
सब पेड़ो की रक्षा करती मीना,
मीना मेरी प्यारी मीना।।

रचना- काजल (कक्षा-08)
उच्च प्रा० वि० अमौली (1-8)
अमौली, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

